मूल्य 1 रु.

वर्ष: 9 - अंक : 254, मुंबई, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

झारखंड चुनाव परिणाम 2019

# बीजेपी विदा

# सोरेन को सत्ता

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के रुझान में झामुमो-कांग्रेस महागठबंधन को बहुमत मिल रहा है। रुझानों के आते ही गठबंधन के मुख्यमंत्री कैंडिडेट हेमंत सोरेन पिता शिबू सोरेन से मिलने पहुंचे, उनका आशीर्वाद लिया और साइकिल भी चलाई। इसके बाद हेमंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज का दिन जनता के सपनों को पूरा करने के संकल्प का दिन है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## 19 साल में 5वीं बार सोरेन परिवार को सत्ता



- हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे, पिता शिबू सोरेन तीन बार सीएम रहे।
- झारखंड में अब तक 4 चुनाव, झामुमो की सीटें हर बार बढ़ीं।

| साल | 2005 | 2009 | 2014 | 2019 |
|---|---|---|---|---|
| सीटें | 17 | 18 | 19 | 29 |

**तस्वीर आज की:** महागठबंधन को बहुमत मिलने के बाद पिता शिबू सोरेन से आशीर्वाद लेने पहुंचे हेमंत सोरेन।

### शिबू सोरेन के परिश्रम का दिन: हेमंत

गठबंधन को मिल रही बड़ी जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेमंत सोरेन ने कहा कि आज लोगों की आकांक्षाओं को पूरे करने और संकल्प लेने का दिन है। ये जीत शिबू सोरेन के परिश्रम का दिन है। राजद-कांग्रेस ने हमारे साथ मिलकर चुनाव लड़ा, जिसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। हेमंत ने कहा, आज से नया अध्याय शुरू होगा। मैं लोगों को भरोसा दिलाता हूं, किसी की उम्मीदें नहीं टूटेंगी। सभी का ध्यान रखा जाएगा।

### पीएम मोदी ने हेमंत सोरेन को दी बधाई, कहा- बीजेपी आने वाले समय में झारखंड की सेवा करती रहेगी

### कपिल सिब्बल का बीजेपी पर हमला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने झारखंड के नतीजे को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है उन्होंने ट्वीट करके लिखा 'देश बदल रहा है, तुम भी बदल जाओ।'

### राहुल गांधी ने दी बधाई

## देश के खिलाफ जो दुश्मन नहीं कर पाए उसे करने की कोशिश में पीएम मोदी: राहुल गांधी



**मुंबई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजघाट पर सत्याग्रह के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि जनता की आवाज ने अंग्रेजों को प्यार से शांति से भगाया। इसी आवाज ने भारत की अर्थव्यवस्था को बनाया। उस आवाज के बिना हिंदुस्तान नहीं रहेगा। देश के दुश्मनों ने इस आवाज को दबाने की कोशिश की। इन दुश्मनों ने देश की अर्थव्यवस्था को तोड़ने की कोशिश की लेकिन जनता की आवाज ने ऐसा नहीं होने दिया। राहुल ने कहा, जो काम देश के दुश्मन नहीं कर पाए वो काम आज नरेंद्र मोदी पूरे दम लगाकर करने की कोशिश कर रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## सीएम जगन रेड्डी का ऐलान- आंध्र प्रदेश में भी नहीं लागू होगा एनआरसी



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर(एनआरसी) लागू नहीं होगा। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि प्रदेश में एनआरसी लागू नहीं होगा। आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने पहले भी कहा था कि अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है। आंध्र प्रदेश में एनआरसी नहीं लागू होगा।

(शेष पृष्ठ 5 पर)




## शरद पवार बोले-जनता ने भाजपा के खिलाफ विचारधारा को समर्थन दिया



शरद पवार ने कहा कि गवर्मेंट पॉवर का इस्तेमाल कर भाजपा सत्ता को अपनी ओर करने की कोशिश कर रही थी

**मुबई।** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर राष्टवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि परिणाम से साफ हो गया है कि लोग गैर-भाजपा दलों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बाद लोगों ने झारखंड में भी भाजपा को सत्ता को दूर रखने का फैसला किया है। पवार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था संकट में आ गई है, मंदी दिन ब दिन बढ़ रही है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### घाटोकपर में सीसीए-एनआरसी के समर्थन में प्रदर्शन

**मुंबई।** विपक्ष और कुछ संगठनों के नागरिकता संशोधन कानून (एसीसी) और नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन बिल (एनआरसी) के खिलाफ देश में जारी प्रदर्शन के बीच भाजपा और हिंदुत्ववादी संगठनों के समर्थन से कई सामाजिक संगठनों ने इस कानून के समर्थन में मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को मुंबई में घाटकोपर के अलावा नागपुर और पिंपरी-चिंचवड सहित राज्य के अन्य हिस्सों में एसीसी और एनआरसी कानून के समर्थन में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

रविवार को घाटकोपर में एसीसी और एनआरसी के समर्थन में मोर्चा निकाला गया। अखिल घाटकोपर नागरिक जनसंसद नामक सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित रैली में हजारों लोगों ने शामिल होकर नागरिकता संशोधन कानून का समर्थन किया। इस मोर्चे में बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजिनियर, एडवोकेट, एमबीए, अधिवक्ता और प्रोफेशनल लोग शामिल थे। इस रैली में उत्तर-पूर्व लोकसभा के भाजपा सांसद मनोज कोटक, स्थानीय भाजपा विधायक पराग शाह, नगरसेविका बिंदु त्रिवेदी और पूर्व नगरसेवक प्रवीण छेड़ा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इसी तरह नागपुर में स्थानीय संगठन लोकाधिकार मंच की ओर से सीएए के समर्थन में रैली आयोजित की गई, जिसको भाजपा, आरएसएस सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने समर्थन दिया था। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत भाजपा और आरएसएस के कई नेता शामिल हुए।

### मुंबई की लाभ श्रीवल्ली बिल्डिंग में लगी आग पर पाया गया काबू

**मुंबई।** मुंबई में विले पार्ले वेस्ट स्थित 13 मंजिला लाभ श्रीवल्ली बिल्डिंग में रविवार देर शाम अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बिल्डिंग में लगी आग सातवें और आठवें फ्लोर में फैल गई। इस घटना के बाद दमकल विभाग की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग बुझाने के साथ-साथ इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया गया। अब आग पर काबू पाया जा चुका है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इमारत में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

बता दें कि इसी वर्ष अक्टूबर महीने में मुंबई के अंधेरी स्थित एक कमर्शल बिल्डिंग में आग लग गई थी। इस घटना के बाद बिल्डिंग से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। यह घटना मुंबई के चरनी रोड इलाके में ड्रीमलैंड सिनेमा के पास घटित हुई। फायर ब्रिगेडकर्मियों ने क्रेन और सीढ़ी की सहायता से लोगों को जलती इमारत से सकुशल बाहर निकाल लिया गया था।

### मुंबई में पड़ोसी की हत्या की कोशिश के मामले में 7 साल की सजा

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे में एक अदालत ने 30 साल के शख्स को अपने पड़ोसी की हत्या की कोशिश करने के मामले में सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 2016 का है। जिला न्यायाधीश वी. वाई. जाधव ने आईपीसी की धारा 307 और 452 के तहत शनिवार को सावन सिंह साजवान को दोषी करार दिया।

कोर्ट ने दोषी पर 35 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय मोरे ने अदालत को बताया था कि आठ जून 2016 को कृष्णा हीरासिंह काकरे (31) ठाणे जिले के कपूरबावड़ी स्थित अपने घर के पास खड़ा था। इस दौरान उसने अपने पड़ोसी से सिगरेट मांगी लेकिन उसने मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपी ने हीरासिंह के घर में उस पर हमला कर दिया था।

# चुनावी वादे ने लटकाई बीएमसी की कमाई!

## राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मुद्दे पर अधिकारी आगे बढ़ने से कतरा रहे

**मुंबई।** बीएमसी की अनुमान से कम हो रही कमाई के बावजूद 500 वर्ग फीट से छोटे घरों को प्रॉपर्टी टैक्स का बिल नहीं भेजा जा रहा है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मुद्दे पर अधिकारी आगे बढ़ने से कतरा रहे हैं। शिवसेना ने बीएमसी चुनाव से पहले 500 वर्ग फीट से छोटे घरों का प्रॉपर्टी टैक्स माफ करने का वादा किया था। देवेंद्र फडणवीस की तत्कालीन सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स के केवल ह्यजनरल टैक्सह्न वाले हिस्से पर ही छूट दी थी, जिस पर काफी हो-हल्ला भी हुआ था। एक अधिकारी ने कहा कि आज नहीं तो कल, इस मुद्दे का हल होगा ही। हम अब बड़े घरों पर ही फोकस बना रहे हैं।

राज्य में शिवसेना के नेतृत्व में नई सरकार का गठन होने के बाद 20 दिन से ज्यादा का समय बीत जाने पर भी इस मुद्दे पर ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। बीएमसी के असेसमेंट ऐंड कलेक्शन




विभाग में काम कर रहे एक अधिकारी ने कहा कि 500 वर्ग फीट से छोटे घरों पर सरकार की ओर से हमें स्पष्ट संकेत का इंतजार है। अभी हम जनरल टैक्स के अलावा बाकी टैक्स ले सकते हैं, लेकिन बिल भेजकर इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते। इससे पहले तक बीएमसी 500 वर्ग फीट से छोटे घरों वाली बिल्डिंगों में बड़े घरों को भी प्रॉपर्टी टैक्स का बिल नहीं भेज रही थी, लेकिन अब बड़े घरों को बिल भेजने की शुरूआत हो गई है।

बीएमसी ने इस साल प्रॉपर्टी टैक्स से 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन यह 2,000 करोड़ रुपये के पास ही पहुंच पा रहा है। ऐसे में, मार्च तक यह लक्ष्य पूरा होने की संभावना कम ही दिख रही है। रियल इस्टेट में सुस्ती, बिल भेजने में देरी और प्रॉपर्टी टैक्स माफी के मुद्दे को भी कम टैक्स मिलने का कारण माना जा रहा है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही बकाएदारों पर कार्रवाई की शुरूआत करेंगे। इस मामले पर कांग्रेस नगरसेवक आसिफ जकारिया ने कहा कि महाविकास आघाडी की सरकार को इस संदर्भ में जल्द फैसला लेना चाहिए। बीएमसी को भी राजस्व के नए विकल्प तलाशने होंगे।

# उद्धव ठाकरे की वजह से दबाव मुक्त हो गए हैं बीजेपी नेताः सामना

**मुंबई।** शिवसेना ने 30 साल तक साथी रही और अब विपक्ष की भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर जोरदार कटाक्ष किया है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के जरिए बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे की वजह से महाराष्ट्र ही नहीं बीजेपी में खुला माहौल हो गया है, जिससे नेता खुलकर पार्टी में अपनी बात रख रहे हैं। शिवसेना ने बीजेपी के असंतुष्ट नेताओं एकनाथ खडसे और पंकजा मुंडे के बहाने बीजेपी पर निशाना साधा।

शिवसेना ने सुझाव दिया है कि बीजेपी को इस बारे में टिप्पणी करने से बचना चाहिए कि शिवसेना के लोग उनसे बात करने के लिए तैयार हैं। बीजेपी के कुछ सदस्यों ने यहां तक कहा है कि वे लंबे समय तक विपक्ष में नहीं बैठेंगे। हालांकि, शिवसेना ने बीजेपी के साथ संबंधों के बोझ को कम किया है। शिवसेना ने कहा कि बीजेपी में अब माहौल इतना खुला और हल्का हो गया है कि बीजेपी नेता एकनाथ खडसे और पंकजा मुंडे भी खुलकर अपने मन की बात कह रही हैं। विधानसभा चुनाव में बीजेपी हुए नुकसान के लिए खडसे ने खुले मन से पार्टी नेताओं को खरी-खरी सुनाया



है। हाल ही में एकनाथ खडसे और एनसीपी प्रमुख शरद पवार की मुलाकात के बाद अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं। इस पर शिवसेना का कहना है कि खडसे ने शरद पवार और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ भी चर्चा की। वह अब साहस के साथ कह सकते हैं कि वह अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। यही पंकजा मुंडे के लिए भी सच है।

## थर्टी फस्ट को रात भर खुला रहेगा शिर्डी मंदिर

**मुंबई।** नए वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को भक्तों के लिए शिर्डी का साईबाबा मंदिर रातभर खुला रहेगा। यह फैसला श्री साईबाबा संस्थान ने भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए लिया है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक मुगलीकर के मुताबिक, हर साल नए साल की पूर्व संध्या पर दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए मंदिर को रातभर खुला रखने का फैसला लिया है। इसकी वजह से 31 दिसंबर की मध्य रात्रि की शयन आरती और 1 जनवरी की सुबह की काकड आरती नहीं होगी। संस्थान की तरफ से क्रिसमस की छुट्टी, वर्तमान वर्ष की विदाई और नए वर्ष के आगमन पर शिर्डी महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड, पांच अरेस्ट

**मुंबई।** मुंबई के जोगेश्वरी उपनगर में लोन देने का वादा कर अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदाफार्श हुआ है, जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

मेघवाडी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार तड़के प्रेम नगर इलाके में छापामारी की गई, जहां 'मैजिक जैक' का इस्तेमाल कर कॉल की जा रही थी। मैजिक जैक एक उपकरण है, जो वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) का उपयोग करके इंटरनेट या लैंडलाइन और कॉर्डलेस फोन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय कॉल की सुविधा देता है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपी अफसान आलम शेख, मोहसिन सैयद, रमीज शेख, अरबाज अंसारी और उमर शफीक मीर के रूप में हुई है। सभी को 26 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

अधिकारी ने बताया, 'वे मैजिक जैक उपकरण का इस्तेमाल कर अमेरिकी नागरिकों को फोन करके उन्हें कर्ज देने का वादा करते थे। जब कोई उनके जाल में फंस जाता था तो आरोपी गिफ्ट कार्ड के जरिए सिक्योरिटी डिपॉजिट चार्ज या प्रोसेसिंग फीस की मांग करते थे, जिन्हें बाद में यहां भारतीय मुद्रा में बदल लिया जाता था।'

जांच अधिकारी राजदत्त कांबले ने बताया कि मुख्य आरोपी अफसान आलम अन्य चार आरोपियों को नियमित रूप से 80-90 अमेरिकी नागरिकों की सूची देता था और उनसे हासिल धनराशि को पांचों आपस में बांट लेते थे। कांबले ने कहा, 'वे बीते दो महीने से यह रैकेट चला रहे थे।


हमने चार लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, तीन रूटर, एक हार्ड डिस्क और कॉल सेंटर में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए हैं। उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## उद्धव सरकार का ऐलान- हर जिले में होगा सीएमओ,

# अगले साल से 10 रुपये में खाना

**मुंबई/नागपुर।** महाराष्ट्र के सीएम मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को ऐलान किया कि लोगों को 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने की योजना अगले महीने शुरू कर दी जाएगी। उद्धव ठाकरे ने यह भी कहा कि मंत्रालय को लोगों तक पहुंचाने के लिए हर जिले में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) खोले जाएंगे। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में शिवसेना ने किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी और 10 रुपये में भरपेट भोजन देने का वादा किया था। सरकार गठन से पहले शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम में भी दोनों मुद्दों को शामिल किया था।



मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने 10 रुपये में भरपेट भोजन देने की घोषणा की। ठाकरे ने कहा कि राज्य में 50 जगहों पर यह योजना शुरू करेंगे। इस योजना को लागू करने के लिए प्रति थाली 50 रुपये खर्च आएगा। 10 रुपये खाना खाने वालों से लिया जाएगा और 40 रुपये सरकार वहन करेगी। इस योजना की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि आज हम इस वादे को पूरा कर रहे हैं। नए साल यानी कि अगले महीने से राज्यभर में 'शिव भोजन योजना' लागू की जाएगी और इस योजना के तहत राज्य की जनता को 10 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। शुरूआत में हर जिला मुख्यालय पर यह योजना लागू की जाएगी। पहले चरण में 50 जगहों पर यह योजना शुरू होगी।

सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि विदर्भ की सिंचाई परियोजनाओं की हमेशा अनदेखी की गई। बलीराजा जल संजीवनी योजना के तहत 52 योजनाएं अटकी पड़ी हैं। जून 2023 तक हम अलग-अलग चरणों में वरीयता तय करके इन्हें पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि केवल विदर्भ ही नहीं संपूर्ण विदर्भ में सड़कों की हालत खस्ता है। सड़कों के निर्माण के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

शीतकालीन सत्र में ठाकरे ने कहा कि हमने किसी भी विकास कार्य को रोका नहीं है। हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग का काम विदर्भ सहित राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, यह काम समय से पहले पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस महामार्ग के लिए कुल 28000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया था। इस कर्ज पर 6400 करोड़ रुपये का कर्ज ब्याज आ रहा था लेकिन अब कर्ज की रकम 3500 करोड़ कम होने से ब्याज में जाने वाली 2500 करोड़ रुपये की रकम बचेगी।

मुख्यमंत्री ठाकरे ने सदन में कहा कि मंत्रालय को आम लोगों की पहुंच में लाने के लिए सरकार राज्य के हर जिले में मुख्यमंत्री कार्यालय शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि लोग पैसा और समय खर्च कर मंत्रालय आते हैं लेकिन जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री का कार्यालय खोलने से लोगों का काम उनके जिले में ही होगा। प्रयोग के रूप में पहले विभागीय स्तर पर ऐसे कार्यालय शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यालय के माध्यम से नागरिकों की समस्या, निवेदन पर कार्रवाई करने सहित स्वतंत्र मेडिकल कक्ष भी वहां शुरू किए जाएंगे।

## रिबेलो हत्याकांडः लड़की के साथ हुआ था गैंगरेप!

**मुंबई।** माहिम में सूटकेस में मिली लाश के मामले में गिरफ्तार आरोपी लड़की ने खुलासा किया है कि उसके साथ गैंगरेप किया गया। आरोपी लड़की इन दिनों डोंगरी चाइल्ड रिमांड होम में है, जहां उसने पुलिस के समक्ष यह सनसनीखेज खुलासा किया है। डोंगरी होम से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आरोपी लड़की की बात सुनकर डोंगरी पुलिस को बुलाया गया और पुलिस के सामने लड़की ने गैंगरेप की बात कही।

डोंगरी पुलिस ने आरोपी के बयान के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ जीरो मामला दर्ज कर उसे वाकोला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। लड़की का दावा है कि उसके साथ वाकोला पुलिस स्टेशन के तहत गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया था। इसीलिए इस केस को वाकोला पुलिस देखेगी। पीड़िता डोंगरी चाइल्ड रिमांड होम में है, इसलिए अगले कुछ दिनों में महिला पुलिस अधिकारी डोंगरी होम जाकर लड़की से इस बारे में पूछताछ करेगी।



बता दें कि लड़की पर 59 वर्षीय दत्तक पिता बेनेट रिबेलो की नाबालिग प्रेमी और उसके 19 वर्षीय दोस्त अली के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप है। अली को घाटकोपर से, जबकि लड़की के प्रेमी को वाकोला से क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था। शैक्षणिक दस्तावेज के आधार पर लड़की नाबालिग है, इसलिए उसे डोंगरी रिमांड होम में रखा गया है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार, लड़की ने पिता बेनेट पर ही दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था, जिसे उसके प्रेमी ने एक दिन देख लिया था। वाकोला पुलिस को लड़की की मेडिकल रिपोर्ट आने का इंतजार है, जिसके बाद गैंगरेप या रेप होने की पुष्टि होगी।

## मुंबईः अतिथि गृह में छापा, एस्कॉर्ट सर्विस चलाने के आरोप में 3 अरेस्ट



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के कोलाबा में शनिवार रात एक अतिथि गृह पर छापा मारा गया और तीन लोगों को कथित तौर पर अवैध ह्यएस्कॉर्ट सर्विसह्न चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जबकि दो मॉडल और एक नाबालिग लड़की को बचाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि सामाजिक सेवा शाखा ने यह छापेमारी की। ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस को चलाने वाले गिरोह का सरगना इस मामले में वांछित था। पुलिस उपायुक्त शिवदीप लांडे ने बताया, व्यवसाय ऑनलाइन संचालित किया जा रहा था। लड़कियों की तस्वीरें ग्राहकों को प्रसारित की जा रही थीं। हमें एक सूचना मिली कि तीन लड़कियां एक अतिथि गृह में पहुंचने वाली हैं। हमने छापा मारा और अतिथि गृह के प्रबंधक, एक वेटर और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वहां से छह मोबाइल फोन के साथ 11,000 रुपये नकद जब्त किए गए। इसको लेकर कोलाबा थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

## मार्च 2020 तक 36 स्टेशनों के परिसरों में बनेंगे आधुनिक गार्डन



**मुंबई।** नए साल में मुंबई के 36 उपनगरीय स्टेशनों पर आधुनिक गार्डन बनाने की योजना है। रेलवे द्वारा स्टेशन परिसरों के उपलब्ध हिस्सों में गार्डन जैसी व्यवस्था करके पर्यावरण को अनुकूल बनाने की कवायद चल रही है। पश्चिम रेलवे ने एक स्टेशन के 30 प्रतिशत हिस्से में गार्डन लगाने की योजना बनाई है। इसी के साथ इन्हीं स्टेशनों को इंटरनैशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टैंडर्डाइजेशन करड 14001:2015 प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। उम्मीद है कि गार्डन बनाने का काम मार्च 2020 तक पूरा किया जाएगा।

रेलवे द्वारा स्टेशनों पर उपलब्ध खाली जगहों पर गार्डन बनाने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल भी किया जाएगा। इस तरह से स्टेशनों को 'ग्रीन' यानी पर्यावरण के अनुकूल बनाने की कवायद चल रही है। एक अधिकारी ने बताया कि टिकट बुकिंग खिड़कियों के पास, प्लैटफॉर्म पर या चौड़े एफओबी के किसी हिस्से में गार्डन लगाकर इस काम को अंजाम दिया जाएगा।

वैकल्पिक संसाधनों से बिजली की बचत, परिसरों में सफाई, हरे-भरे पेड़, सूखा और गीले कचरे का वर्गीकरण, सौर ऊर्जा का उपयोग, टिकट बुकिंग की मॉडर्न व्यवस्था। इस तरह कुल 12 विभागों द्वारा नियमों का पालन होने पर स्टेशनों को इंटरनैशनल स्टैंडर्ड का करड 14001 प्रमाण पत्र दिया जाता है। हाल ही में मुंबई सेंट्रल को यह प्रमाण पत्र दिया गया था। अब पश्चिम रेलवे के 36 स्टेशनों को इसमें शामिल किया जाएगा।

चर्चगेट, मरीन लाइंस, चर्नी रोड, ग्रैंट रोड, महालक्ष्मी, प्रभादेवी, लोअर परेल, दादर (पश्चिम), माटुंगा रोड, माहिम, खार, सांताक्रुज, बांद्रा, विलेपार्ले, अंधेरी, जोगेश्वरी गोरेगांव, मालाड, कांदिवली, बोरिवली, दहिसर, मीरारोड, भाईंदर, नायगांव, वसई रोड, नालासोपारा, पालघर, बोईसर, विरार, उमरगांव, वापी, बिलीमोरा, उधवाडा, नवसारी, उधना और सूरत

### किसानों को राहत देकर खत्म हुआ शीतकालीन सत्र

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधान मंडल का शीतकालीन सत्र कई मायनों में विशेष तौर पर याद किया जाएगा। किसानों को दो लाख रुपये की कर्जमाफी, दो गहरे दोस्त वर्तमान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच नोकझोंक के लिए जाना जाएगा। छह दिन के सत्र को छह मंत्रियों ने चलाया और सत्र के दौरान उन्हें विधानसभा से विधानपरिषद के बीच भागदौड़ करनी पड़ी। नागपुर में शीतकालीन सत्र की शुरूआत ही धमाकेदार हुई। भाजपा ने अपने कड़े तेवर से सत्ताधारी महाविकास अघाडी को चेता दिया कि तीन दलों की सरकार को आसानी से सदन का कामकाज नहीं करने देगी।

# संजय निरुपम बोले- सावरकर के चक्कर में शिवसेना द्वारा गांधी-नेहरू का अपमान ठीक नहीं



**मुंबई।** वीर सावरकर को लेकर कांग्रेस और शिवसेना के बीच जारी तकरार बढ़ती जा रही है। मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम ने सोमवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि यह सरकार (शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा) कितने दिनों तक चलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सावरकर के विचारों से सहमत नहीं हैं। इसलिए विरोध करती है। सोमवार को संजय निरुपम ने कहा, सावरकर के चक्कर में शिवसेना जिस तरह से महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और सरदार वल्लभ भाई पटेल का अपमान कर रही है, वह ठीक नहीं। हर स्वतंत्रता सेनानी की जिंदगी के दो पक्ष थे, जिसे इतिहासकारों ने बताया। कांग्रेस सावरकर के विचारों से सहमत नहीं है, इसलिए विरोध करती है। दरअसल, दिल्ली के रामलीला मैदान में पिछले दिनों कांग्रेस की एक रैली हुई थी। इसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने 'रेप इन इंडिया' वाले बयान पर माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा था कि मैं राहुल गांधी हूं, राहुल सावरकर नहीं। राहुल के इस बयान पर खूब विवाद हुआ था। राहुल के इस बयान को लेकर शिवसेना ने कांग्रेस के खिलाफ कई बार बयानबाजी की है।

## ठाणे में 7 साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद सिर कुचल कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**संवाददाता**

**ठाणे।** यहां 7 साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मामले को छिपाने के लिए उसने बच्ची की हत्या की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। भिवंडी के पुलिस उपायुक्त राजकुमार शिंदे ने बताया कि वारदात ठाणे के भिवंडी इलाके की है। आरोपी भरत कुमार बच्ची के पड़ोस में ही रहता है। अब तक की जांच में यह पता चला है कि शनिवार रात को आरोपी ने घर के बाहर से बच्ची का अपहरण किया। सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिंदे ने बताया कि बच्ची, आरोपी को पहचानती थी। इसलिए वारदात को अंजाम देने के बाद उसने बच्ची की हत्या कर दी और पत्थर से उसका सिर कुचल दिया था। रविवार सुबह राहगीरों ने झाड़ियों में शव होने की सूचना पुलिस को दी। बच्ची दूसरी कक्षा में पढ़ती थी। आरोपी पर पॉक्सो समेत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## फेसबुक पर लिखा 'सच्चे प्यार का अंत नहीं होता' और नदी में कूदकर दे दी जान

**संवाददाता**

**पुणे।** एक शख्स ने फेसबुक पर लिखा 'सच्चे प्यार का अंत नहीं होता, प्यार कभी खत्म नहीं होता' और फिर इंद्रायणी नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। इसी पोस्ट में उसने चॉकलेट, केक और अंगूठी की तस्वीर भी शेयर की थी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना इंदौरी इलाके की है। मृतक की पहचान समीर एकनाथ भासे (25) के रूप में हुई है। समीर के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें मौत के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराने की बात कही गई है।




समीर ने अपने इंस्टाग्राम पर भी अपना आखिरी संदेश छोड़ा था। पुलिस फिलहाल इसे प्यार में नाकामी के बाद उठाया कदम मानते हुए जांच को आगे बढ़ा रही है। समीर रविवार सुबह घर से बिना किसी को बताये निकला था और इंद्रायणी नदी पर बने ब्रिज से छलांग लगा दी। उसे कूदते देख कुछ लोगों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन बहाव तेज होने के कारण उसे निकाला नहीं जा सका। आखिरकार एनडीआरएफ को इसकी जानकारी दी गई। 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समीर का शव नदी से बाहर निकाला गया।

### समीर के सुसाइड नोट में यह लिखा है...

**मैं समीर एकनाथ भासे आत्महत्या कर रहा हूं, मेरी मौत का जिम्मेदार किसी को ना ठहराए। मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं, मुझे जिंदगी खत्म करने के लिए किसी ने उकसाया नहीं है। यह मेरा निर्णय है और नाना, मम्मी मुझे माफ कर दिजीयेगा, मैं आपको छोड़ कर जा रहा हूं।**

(पृष्ठ 1 का शेष)

**बीजेपी विदा, सोरेन को सत्ता**

उन्होंने कहा कि यह परिणाम पिता शिबू सोरेन के समर्पण और परिश्रम का परिणाम है। हेमंत ने बेरहट और दुमका दोनों सीटों पर चुनाव जीत लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हेमंत सोरेन को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड के लोगों को भी धन्यवाद देता हूं, जिसने कई साल तक राज्य की सेवा करने का मौका भाजपा को दिया। उधर, मौजूदा मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने ही पूर्व सहयोगी सरयू राय से 15 हजार से ज्यादा वोटों से पिछड़ गए हैं। रघुवर के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ भी चक्रधरपुर सीट से हार गए हैं। लेकिन, झामुमो से जामा विधानसीट पर उतरी सीता मुर्मू जीत गई हैं। सीता हेमंत सोरेन की भाभी हैं। हेमंत सोरेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, साथियों, आज झारखंड प्रदेश का 40 दिन की चुनावी यात्रा का आज अंतिम दिन है। आज मतगणना चल रही है। अभी तक मतगणना का जो रुझान आया है, उसमें जनता ने जो जनादेश दिया है, वह स्पष्ट है। मैं मतदाताओं का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा- झारखंड की जनता के लिए उत्साह का दिन है। मेरे लिए आज का दिन एक संकल्प लेने का दिन है। इस राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प लेने का दिन है। आज का यह जनादेश शिबू सोरेन जी के परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। कांग्रेस और राजद के साथ मिलकर हमने यह चुनाव लड़ा। लालू यादव, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी को मैं आभार देना चाहता हूं। सभी ने मेरे ऊपर विश्वास जताया और राज्य की जनता ने भी हमें स्पष्ट बहुमत दिया है। सोरेन बोले- आज एक राज्य के लिए एक नया अध्याय शुरू होगा। ये मील का पत्थर साबित होगा और निश्चित रूप से जिस उम्मीद से हमें वोट दिए गए हैं, मैं भरोसा दिलाता हूं कि उम्मीदें नहीं टूटेंगी। नौजवान, किसान, महिला, व्यापारी, बूढ़े-बच्चे, मजदूरों सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

**देश के खिलाफ जो दुश्मन नहीं कर...**

उनकी कोशिश है कि हमारी उन्नति नष्ट हो जाए और देश की आवाज शांत हो जाए। नरेंद्र मोदी जब न्यायपालिका पर दबाव डालते हैं तो वो देश की आवाज को चोट पहुंचाते हैं। जब वो छात्रों पर गोली चलवाते हैं तब वो देश की आवाज को शांत करवाने की कोशिश करते हैं। जब वो पत्रकारों को डराते हैं तो देश की आवाज को डराने की कोशिश करते हैं। राहुल ने कहा, मोदी जी आप कांग्रेस पार्टी से नहीं लड़ रहे, ये कांग्रेस पार्टी नहीं है, बल्कि पूरे देश की आवाज है जिसके खिलाफ आप खड़े हों। यह भारत माता की आवाज है और अगर आप इसके खिलाफ रहोगे तो भारत माता आपको जबरदस्त जवाब देने जा रही है। राहुल ने कहा, जहां तक कपड़ों की बात है, पूरा देश आपको आपके कपड़ों से पहचानता है। 2 करोड़ का कपड़ा आपने पहना था। आप बताइए, अर्थव्यवस्था कैसे चौपट हो गई, युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है। आप इन सबमें फेल रहे तो भारत को बांटने का काम शुरू कर दिया। राहुल ने कहा, आप सिर्फ एक काम कर सकते हो, सालों से आपको आपके संगठन ने सिखाया है और इस काम को आपसे बेहतर कोई नहीं कर सकता। वो काम ये है कि हिंदुस्तान को कैसे बांटा जाए। देश में नफरत फैलाई जाए, कैसे तोड़ा जाए। ये आपको सालों से सिखाया गया है। राहुल ने कहा, पूरा देश इस बात को समझ रहा है। भारत माता की आवाज पीएम मोदी को देश पर आक्रमण करने नहीं देगी, देश को बांटने नहीं देगी। भारत का संविधान हर धर्म के लोगों ने बनाया था। सबकी आवाज इस संविधान में है और आप इस संविधान पर आक्रमण नहीं कर सकते। पूरा हिंदुस्तान आपको रोकेगा।

**सीएम जगन रेड्डी का ऐलान**

मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार पूरे देश में एनआरसी का विरोध करेगी। हालांकि झारखंड में मुख्यमंत्री बनने जा रहे हेमंत सोरेन ने आजतक से बातचीत में कहा कि अभी एनआरसी को लेकर कोई फैसला नहीं लिया है। कानून को पढ़ने के बाद ही इस पर कोई फैसला लिया जा सकेगा। इससे पहले पिछले हफ्ते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि बिहार में एनआरसी लागू नहीं होगा। नागरिकता संशोधन एक्ट को समर्थन देने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (युनाइटेड) ने राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को बिहार में लागू नहीं करने की बात कही। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा था कि बिहार में एनआरसी लागू नहीं होगा।

**शरद पवार बोले...**

इन सभी चीजों के वजह से भी लोगों ने भाजपा को नकार दिया है। शरद पवार ने यह भी कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के चलते देश के कुछ गुटों में धार्मिक अंतर बढ़ाने की कोशिश की गई। दिल्ली में प्रधानमंत्री ने भाषण में कहा कि एनआरसी पर हमने कोई चर्चा नहीं की। वहीं देश के गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में स्पष्ट रूप से इसपर बयान दिया है। इसके पहले माननीय राष्ट्रपति ने भी अपने अभिभाषण में एनआरसी को देशभर में लागू करने की बात कही है। दोनों सदनों में गृहमंत्री ने इसपर बयान दिया है। इसके कारण अनेक राज्यों के शहरों में लोग परेशान हैं। पवार ने आगे कहा कि भाजपा ने कहा था कि उनकी जीत होगी, लेकिन जनता ने उनको जवाब दिया है। इसके पहले छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में भी भाजपा की बहुमत थी जो अब नहीं है।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 

# पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में 8 लोग दोषी

## 5 को मौत की सजा, सऊदी प्रिंस पर लगे थे खशोगी की हत्या से जुड़े होने के आरोप

**संवाददाता**

**अमेरिकी** अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में सऊदी की कोर्ट ने 8 लोगों को दोषी करार दिया है। इनमें से 5 को मौत की सजा सुनाई गई। तीन अन्य लोगों को कुल 24 साल जेल की सजा दी गई है। सऊदी सरकार के अभियोजन पक्ष की तरफ से बताया गया था कि खशोगी की हत्या सऊदी के ही कुछ लोगों ने की थी। इस मामले में 11 लोगों पर मामला चलाया गया था। हालांकि, इनके नाम का खुलासा नहीं किया गया था। खशोगी अमेरिकी समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के कॉलमिस्ट थे। उन्हें आखिरी बार 2 अक्टूबर को इस्तांबुल के सऊदी अरब के दूतावास के बाहर देखा गया था। वह वहां अपनी शादी के लिए जरूरी कागजात लेने गए थे। तुर्की के सबा अखबार ने दावा किया था कि सऊदी अरब से एक हिट टीम ने जमाल खशोगी को रियाद ले



जाने का बहाना किया। लेकिन जब खशोगी नहीं माने तो दूतावास में ही उनका चेहरा ढंककर दम घोंट दिया गया। तुर्की सरकार ने उनके शव को खोजने के लिए दूतावास की भी जांच की। हालांकि, आज तक खशोगी की लाश बरामद नहीं की जा सकी है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि खशोगी को मारने के बाद हिट टीम के सदस्यों ने उनकी लाश को नष्ट करने के लिए उसे तेजाब में डाल दिया था। इससे पहले सऊदी अधिकारी खशोगी की हत्या में हाथ होने से इनकार करते रहे हैं। हालांकि, तुर्की के अखबार इस मामले में खुलासा करते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की हत्याकांड से जुड़ी एक रिपोर्ट में एक्सपर्ट एग्नेस कैलामार्ड ने कहा था कि खशोगी की हत्या से जुड़े सबूतों के आधार पर कहा जा सकता है कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और उनके उच्चाधिकारी हत्या से जुड़े हुए थे। उन्होंने मामले में प्रिंस सलमान की जांच की बात कही थी। हालांकि, क्राउन प्रिंस अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते रहे हैं।

**प्रिंस सलमान ने ली थी हत्या की नैतिक जिम्मेदारी:** हाल ही में अमेरिका की पब्लिक ब्रॉडकास्टर सर्विस ने खशोगी की हत्या पर बनी डॉक्यूमेंट्री रिलीज की थी। इसमें एक मौके पर प्रिंस सलमान कहते हैं कि खशोगी की हत्या के लिए वे नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं, क्योंकि यह उन्हीं की निगरानी में हुई। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना था कि प्रिंस सलमान का यह बयान आपराधिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी है। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छी छवि बनाए रखना चाहते हैं।

# राष्ट्रपति दे रहे थे अवॉर्ड, कॉन्वोकेशन में हिजाब पहनी छात्रा को जाने से रोका



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद अपने 2 दिवसीय दौरे पर केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी पहुंचे हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पहुंचे। विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय की गोल्ड मेडल विजेता छात्रा राबिया को कैंपस के भीतर अंदर जाने से रोक दिया गया क्योंकि उसने हिजाब पहना था। राबिया का आरोप है कि जब तक राष्ट्रपति अंदर रहे, तब तक उसे अंदर नहीं आने दिया गया। जब राष्ट्रपति ऑडिटोरियम से बाहर निकले तब छात्रा को भीतर आने दिया गया। राबिया ने गोल्ड मेडल लेने से इनकार कर दिया। आरोप है कि उसे सबके सामने नीचा दिखाने की कोशिश की गई। छात्रा राबिया ने कहा, मैं अन्य छात्रों के साथ सभागार के भीतर बैठी थी, तभी मुझे बाहर जाने के लिए कहा गया। इसके बाद मुझे कार्यक्रम के दौरान अपने हिजाब को हटाने के लिए कहा। लेकिन जब मैंने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो मुझे सभागार से बाहर जाकर बैठने के लिए कहा। इस दौरान राष्ट्रपति कोविंद अंदर मौजूद थे। राष्ट्रपति के जाने के बाद, विभाग के कर्मचारियों ने बाकी प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान राबिया ने गोल्ड मेडल लेने से इनकार कर दिया क्योंकि उसे लगा कि उसे वहां सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। उसने केवल प्रमाण पत्र स्वीकार किया।

# वायएलजी ने अपने 10 वर्ष पूरे होने के जश्न में हेयर स्टाइल रनवे का आयोजन किया





**बैंगलोर,** चेन्नई और हैदराबाद की अग्रणी सैलून चेन वायएलजी ने अपने 10 वर्ष पूरे होने की याद में, अपना पहला फैशन शो लॉरिअल प्रोफेशनल के साथ भागीदारी में आयोजित किया। वायएलजी का लक्ष्य अपनी खास पेशकशों से भारत के सैलून कल्चर को नया आयाम देना है, विभिन्न क्षेत्रों में इसके 5 लाख से अधिक वफादार ग्राहक हैं। इस इवेंट के प्रमुख दर्शक वायएलजी के 300 से अधिक ग्राहक थे और इसे सौंदर्य उद्योग की हस्तियों, जैसे बिनाइफर पारदीवाला- जनरल मैनेजर, लॉरिअल प्रोफेशनल इंडिया और डॉ. ब्लॉसम कोचर- संस्थापक, अरोमा मैजिक ने अपनी उपस्थिति से जगमगा दिया। इस इवेंट की शुरूआत वायएलजी की सह-संस्थापक एवं सीटीओ वैजयन्ती भालचंद्रा के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसके बाद संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल भालचंद्रा का लाइव वीडियो संदेश आया, जो उस समय सीआईआई (कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) अवार्ड फॉर कस्टमर ऑब्सेशन लेने दिल्ली गये थे। ब्राण्ड ने अपनी 10 वर्ष की यात्रा का वीडियो और वायएलजी



इंटरनेशनल हेयर कलेक्शंस दिखाए। अंत में, वायएलजी के 'इंडियन ब्राउंस' हेयर स्टाइल्स और इंटरनेशनल लुक्स से सजे मॉडलों ने रैम्प पर अपनी आकर्षक केश-सज्जा से सभी को मुग्ध कर दिया और उनका प्रदर्शन उस रात का आकर्षण बन गया। ब्राण्ड के उत्साही कर्मचारियों ने भी वायएलजी एंथम पर अपने नृत्य से दर्शकों का दिल जीता, वायएलजी ने अपनी 10 ईयर कॉन्टेस्ट के 10 भाग्यशाली विजेताओं में से 5 की घोषणा की, जिन्होंने बाली का टिकट जीता था, और इस प्रकार अपने ग्राहकों का दिल फिर से जीत लिया। इवेंट की सफलता से प्रसन्न, वायएलजी सैलूंस की सह-संस्थापक एवं सी.टी.ओ. वैजयन्ती भालचंद्रा ने कहा, हमारी यात्रा की शुरूआत वर्ष 2008 में वायएलजी इंस्टिट्यूट ऑफ ब्यूटी थेरैपी, हेयर ड्रेसिंग एंड मेक-अप की स्थापना से हुई थी। आज दक्षिण भारत के तीन प्रमुख क्षेत्रों में हमारे 60 से अधिक सैलून हैं। यह इवेंट अपने प्यारे ग्राहकों और समर्पित कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा विनम्र प्रयास था, जिनकी वजह से आज हम यहाँ हैं। 'इंडियन ब्राउंस' के साथ हमारा लक्ष्य भारतीयों के सुंदर बालों के लुक्स के आकर्षक कलेक्शन को प्रस्तुत करना था। शुरूआत से ही हमारा मंत्र रहा है कि हर महिला खुद से प्यार करे और खुद को सुंदर माने। हम अपनी सेवाओं से अपने ग्राहकों को संतोष देते रहेंगे। वायएलजी द्वारा प्रस्तुत यह भारत का पहला ग्राहक केन्द्रित हेयर फैशन शो था, जिसमें लॉरिअल प्रोफेशनल इंडिया की भागीदारी भी थी। इवेंट की दर्शकदीर्घा में करीब 400 लोग थे, जिनमें 200 से अधिक वायएलजी के वफादार ग्राहक थे, जो इस ब्राण्ड का अभिन्न अंग हैं। इस इवेंट ने अपने सबसे चहेते साझीदारों, यानि ग्राहकों को प्यार और आनंद देने के वायएलजी के प्रयासों में चार चांद लगा दिये।

# हाईकोर्ट ने ममता सरकार के मीडिया कैंपन पर रोक लगाई

**पश्चिम** बंगाल हाईकोर्ट ने सोमवार को नागरिकता कानून (सीएए) और नेशनल सिटिजन रजिस्टर (एनआरसी) लागू नहीं करने का दावा करने वाले ममता सरकार के प्रचार अभियान पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस टीबीएन राधाकृष्णानंद और जस्टिस राधाकृष्णन की बेंच ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार से इस मीडिया कैंपेन पर खर्च हुई रकम का ब्यौरा भी मांगा। मामले की अगली सुनाई 9 जनवरी को होगी। सीएए और एनआरसी पर मीडिया कैंपेन के खिलाफ अदालत में एक याचिका दायर की गई थी। याचिका में



अभियान पर सरकारी धन खर्च करने का आरोप लगाया गया था। इस पर कोर्ट ने सरकार को प्रचार अभियान पर हुए खर्च का ब्यौरा देने को कहा। कोर्ट ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे अभियान, इसके खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित याचिकाओं पर भी सुनवाई की। सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने अदालत को बताया कि सभी मीडिया प्लेटफॉर्म से विज्ञापन हटा लिए गए हैं। दत्ता ने यह भी कहा कि अब राज्य में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है। प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के बाद कुछ स्थानों पर इंटरनेट सेवा बंद की गई थी ,जो अब बहाल हो गई है।

**रेलवे से प्रदर्शन के दौरान हुए नुकसान की जानकारी मांगी:** कोर्ट को बताया गया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्य में रेलवे की 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को नुकसान पहुंचा। कोर्ट ने इस पर रेलवे से नुकसान पर रिपोर्ट मांगी। रेलवे से यह भी पूछा गया कि सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान रोकने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं।

# आदित्य कॉलेज में आयोजित बीडीएफ में सिंगर तरन्नुम मलिक की लाईव परफॉर्मेंस







**आदित्य** कॉलेज में आयोजित बोरीवली डिजाइन फेयर सीजन 3 के तीसरे दिन कल्चरल प्रोग्राम और छात्रों में कंपटीशन रखा गया। यह इसलिए खास हो गया क्योंकि यहां मशहूर सिंगर तरन्नुम मलिक ने लाईव परफॉर्म किया। आमिर खान की फिल्म गुलाम और गोविंदा की फिल्म जिस देश में गंगा रहता है के डांस डायरेक्टर निमेष भट्ट भी यहां हाज़िर हुए। हाल ही में क्रेसी सिंह पर फिल्माए गए जी म्यूज़िक के न्यू सिंगल डायमंड रिंग को निमेष भट्ट ने डायरेक्ट और कोरियोग्राफ किया है जिसमें तरन्नुम मलिक की आवाज है जो सलमान खान की फिल्म एक था टाइगर के हिट सॉन्ग 'सैय्यारा' के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आदित्य कॉलेज के इस फेस्ट में स्टेज पे यह गीत गाया तो सभी छात्र झूम उठे। उन्होंने अपने नए गीत डायमंड रिंग को भी गाकर समां बांध दिया। आदित्य कॉलेज के हरिश्चंद्र मिश्रा, गुरुनाथ दलवी, तृप्ति और आदित्य मिश्रा ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। डांस डायरेक्टर निमेष भट्ट ने यहां स्टेज पर आदित्य कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मै संजय दत्त को गॉड ब्रदर मानता हूं, उन्होंने मुझसे अपनी कई फिल्मों में कोरियोग्राफर के रूप में काम लिया। मै यहां स्टूडेंट्स की प्रतिभा और उनका हुनर देखकर अचंभित हूं। यहां फर्स्ट सेकंड और थर्ड इनाम हासिल करने वाले छात्रों को में अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट्स में लेने की कोशिश करूंगा। इन्होंने फैशन शो के तहत डिजाइनिंग का जो स्वरूप पेश किया है वो अनमोल है। आपको बता दें कि यहां इंटीरियर डिजाइनर और आर्किटेक्ट के बीच कई कंपटीशन हुए, जहां छात्रों ने अपना टैलेंट दिखाया। फैशन शोज हुए। असल में बीडीएफ आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर, डेवलपर्स, अकादमिक और फनकारों के लिए अपनी प्रतिभा और डिजाइन को दिखाने का एक शानदार प्लेटफॉर्म है। आखरी दिन डांस कंपटीशन और पुरूस्कार वितरण का प्रोग्राम होगा।

# 1951 में पहली एनआरसी तैयार की गई, आज विरोध क्यों?

**आम** लोगों का यह मानना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागरिकता कानून और साथ ही प्रस्तावित नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी को लेकर अपनी बात कहने के लिए आगे आना चाहिए। जैसी की लोगों की मांग थी दिल्ली की एक रैली में उन्होंने इन्ही विषयों को लेकर अपनी बात स्पष्ट कर दी। उन्होंने न केवल नागरिकता कानून को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम का निवारण किया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि जिस एनआरसी को लेकर देश भर में अफवाहों का बाजार गर्म कर लोगों को भड़काया जा रहा है उसकी तो अभी प्रक्रिया ही तय होना बाकी है। इससे उन राजनैतिक दलों पर तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा जिनका मकसद केवल लोगों को भड़का कर अपनी राजनैतिक रोटिय सेकनी है पर आम लोगों को जरुर प्रधानमंत्री की स्पष्टता के बाद इस कानून के बारे में हो रही भ्रातियों से दूर रहना होगा खुद तथा दूसरों को हिंसा से दूर रखने में सहायता करनी होगी।



अशोक भाटिया

इसके साथ ही लोगों को यह भी जानना होगा कि आज जो कांग्रेस नागरिकता कानून के साथ-साथ प्रस्तावित एनआरसी का मुखर होकर विरोध कर रही है उसके शासनकाल में ही मतदाता पहचान पत्र, पैन, आधार कार्ड आदि जारी किए गए। एक सच्चाई यह भी है कि दुनिया के हर जिम्मेदार देश ने अपने नागरिकों का रजिस्टर तैयार किया है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन हो, इसकी जरूरत नागरिकता कानून में दर्ज है और इसी कारण 1951 में पहली एनआरसी तैयार की गई। क्या अब यह काम महज इसलिए नहीं होना चाहिए कि कुछ लोग अंधविरोध से ग्रस्त होकर या फिर राजनीतिक रोटियां सेंकने के लालच में अफवाहें फैलाने में जुट गए हैं?

नागरिकता कानून और प्रस्तावित एनआरसी के विरोध में बिना ज्यादा कुछ सोचे-समझे सड़कों पर उतरने वालों को प्रधानमंत्री की इस बात पर गौर करना चाहिए कि क्या उनकी सरकार की रसोई गैस, आवास, बिजली संबंधी किसी योजना में जाति, मजहब के आधार पर भेदभाव किया गया है? यदि अभी तक ऐसा कोई आरोप विरोधी दल भी नहीं लगा सके हैं तो इसका यही मतलब है कि नागरिकता कानून के बहाने मोदी सरकार को मुस्लिम विरोधी साबित करने का एक सुनियोजित अभियान छेड़ा गया। क्या यह किसी से छिपा है कि इस अभियान को किस तरह किस्म-किस्म के दुष्प्रचार के जरिये आगे बढ़ाया जा रहा है। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि दुष्प्रचार में लिप्त इन राजनीतिक एवं गैर-राजनीतिक तत्वों को प्रधानमंत्री ने आड़े हाथों लिया। उन्हें इसकी तह में भी जाना होगा कि आखिर ऐसे तत्व किन कारणों से अपने इरादे में एक बड़ी हद तक सफल हो गए। यह अभियान इतना शातिर है कि जहां धरना-प्रदर्शन अराजकता से बचा जा रहा है वहां तो भीड़ को श्रेय दिया जा रहा है, लेकिन जहां आगजनी और तोड़फोड़ हो रही है वहां सारा दोष पुलिस के सिर पर मढ़ दिया जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हिंसा के लिए उकसा रहा है विपक्ष: दिनेश शर्मा



**लखनऊ।** सीएए को लेकर हो रहे हिंसक प्रदर्शनों पर डेप्युटी सीएम दिनेश शर्मा ने विपक्षी दलों और खास तौर एसपी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल समाज विरोधी राजनीति कर राजनीतिक फायदे के लिए भोले-भाले लोगों को उकसा कर हिंसा करवा रहे हैं। संभल में एसपी सांसद और कानपुर में एसपी विधायक दंगाइयों के साथ खड़े थे। लोकभवन के मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा, एसपी अध्यक्ष से पूछना चाहता हूं कि सीएए से आपका विरोध क्यों हैं और क्या आपत्ति है? उन्होंने कहा कि आप विरोध सीएए का कर रहे हैं और बात एनआरसी की कर रहे हैं। उन्होंने एनआरसी के लिए लाइन लगाने के अखिलेश यादव के बयान के जवाब में कहा कि यह हास्यास्पद है। सीएए के पक्ष में अपर्णा यादव के बयान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि आपके (अखिलेश) घर में ही लोग आपसे सहमत नहीं है। उन्होंने बीजेपी सरकार पर माहौल खराब करने के अखिलेश के बयान को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि गलत बयानी कर विपक्ष लोगों को हिंसा के लिए उकसा रहा है।

डेप्युटी सीएम ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग दुष्प्रचार के लिए पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। कांग्रेस की एक नेता धरने पर दिल्ली में बैठ कर लोगों को भड़का रही हैं। किसी को उत्तेजित करने की जगह उन्हें समझाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भाजपा तीन करोड़ लोगों के बीच जाकर सीएए से जुड़ी सही जानकारियां देगी।

डेप्युटी सीएम ने प्रदेश के कई जिलों में हुई हिंसा में पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का हाथ होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई से जुड़े कई लोग सिमी के सदस्य रहे हैं। हिंसा में शामिल पीएफआई के लोगों को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लखनऊ की हिंसा में पकड़े गए मालदा के छह उपद्रवियों का जिक्र करते हुए कहा कि बाहरी तत्व आकर यहां हिंसा फैलाएं तो इसमें किसका हाथ हो सकता है।

सूचना होने और तमाम तैयारियों के बाद भी यूपी में बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के मामले में सरकार पर उठ रहे सवालों के जवाब में डेप्युटी सीएम ने कहा कि सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार थी। सरकार ने हिंसा कम से कम हो और सौहार्द बना रहे, इसके प्रयास किए। मुस्लिम धर्मगुरुओं और उनसे जुड़े नेताओं से बात की गई थी।

उन्होंने शांतिपूर्वक ज्ञापन देने का आश्वासन दिया, लेकिन 21 जिलों में लोगों को भड़का कर हिंसा करवा दी गई। बाकी 54 जिलों में शांति बनी रही, यह सरकार की तैयारियों का ही नतीजा था।

## सीसीए पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'पीएम मोदी ने दी फिर से जिंदगी'



**जयपुर।** देशभर में हो रहे नागरिकता संशोधन कानून (सीसीए) के विरोध के बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी ने प्रताड़ित लोगों को जिंदगी दी है। गौरतलब है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में उअअ के खिलाफ विरोध चल रहा है जिसन कई जगहों पर हिंसक रूप ले लिया है।

इसी बीच राजस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान चौहान ने कानून लाने के लिए पीएम मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'नरेंद्र मोदी इनके लिए भगवान बन के आए हैं जो प्रताड़ित थे और नर्क की जिंदगी जी रहे थे। भगवान ने जीवन दिया, मां ने जनम दिया लेकिन नरेंद्र मोदी जी ने फिर से जिंदगी दी है।' गौरतलब है कि मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कहा था कि सरकार कांग्रेस के रुख के मुताबिक ही काम करेगी जिसने इस कानून का विरोध किया है।

इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर में कह चुके हैं कि नागरिकता कानून और नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) राजस्थान में नहीं लागू हो रहे हैं। गहलोत ने कहा था, 'ये लागू होने के लायक ही नहीं हैं। आप सात आठ करोड़ से भी कम आबादी वाले असम में ही आप एनआरसी में कायमाब नहीं हो पाए क्या मुल्क में कामयाब हो पाएंगे।'

## मथुरा: 17 दिन बाद दर्ज हुआ महिला से गैंगरेप का मामला

**मथुरा।** यूपी पुलिस की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। यहां मथुरा जिले में आगरा निवासी एक महिला के साथ हुए कथित दुष्कर्म के आरोप में 17 दिन बाद बुधवार को केस दर्ज हो पाया। महिला स्थानीय पुलिस से गुहार लगाती रही लेकिन किसी ने उसकी फरियाद नहीं सुनी। बाद में वह मजबूर होकर एसएसपी से मिली और तब जाकर कहीं मुकदमा दर्ज हो पाया। एसएसपी के निर्देश के बाद वृंदावन पुलिस ने राजपुर गांव के दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महिला का आरोप है कि घटना 30 नवंबर को हुई और उसी दिन से ही वह पुलिस के पास लगातार अपनी शिकायत लेकर पहुंच रही थी। लेकिन स्थानीय पुलिस आरोप को झूठा बताते हुए कार्रवाई से इनकार कर रही थी। इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी शलभ माथुर से मिलने का निर्णय किया। फिर एसएसपी के निर्देश पर यह मुकदमा दर्ज किया गया।

सदर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव निवासी दो लोगों कलुआ और नवाब सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाते पीड़िता ने तहरीर दी। इसमें कहा गया है कि 30 नवंबर को वह आगरा से वृन्दावन गई थीं। वहां मंदिरों के दर्शन करने के बाद वह अटल्ला चुंगी तिराहे पर राया कट के लिए वाहन का इंतजार कर रही थीं। तभी कलुआ वहां रुका और उन्हें राया कट पर छोड़ने का आश्वासन देकर बाइक पर बैठा लिया।

महिला का आरोप है कि कलुआ उसे राया कट के बजाय राजपुर गांव के जंगल में ले गया। वहां उसने अपने एक अन्य साथी नवाब सिंह को भी बुला लिया। दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला का दावा है कि इस मामले की शिकायत लेकर वह कोतवाली पहुंची लेकिन पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

स्थानीय पुलिस से थकहार कर उन्होंने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया।

## दिल्ली में बाइक और स्कूटर से होता है 24 प्रतिशत प्रदूषण: सफर



**नई दिल्ली।** दिल्ली में 24 प्रतिशत प्रदूषण की वजह सिर्फ बाइक और स्कूटर हैं। यह दावा सफर ने किया है। अपनी पिछली स्टडी में भी सफर ने दिल्ली में 41 प्रतिशत प्रदूषण की वजह यहां के ट्रांसपोर्ट यानी गाड़ियों को बताया था। सफर की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें भी बाइक की वजह से 14 प्रतिशत और स्कूटरों की वजह से 10 प्रतिशत प्रदूषण है। इसके अलावा ट्रक और बसों की हिस्सेदारी इस प्रदूषण में 20-20 प्रतिशत है। ऑटो और कारें भी दिल्ली को काफी प्रदूषित कर रही हैं।

सफर के प्रॉजेक्ट डायरेक्टर गुफरान बेग के अनुसार, दिल्ली में स्कूटर और बाइक की वजह से ज्यादा प्रदूषण की वजह इनका कम मेंटेनेंस होना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ट्रकों को लेकर बंदिशें लगाई गई हैं, ऐसा ही इस सेगमेंट में भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमतौर पर ऐसा समझा जाता है कि बाइक-स्कूटर पेट्रोल से दौड़ते हैं तो उनसे कम प्रदूषण होता है। इसी स्टडी में यह भी बताया गया है कि 2015 के बाद से राजधानी में सालाना पीएम 2.5 की संख्या कम हो रही है। हालांकि अब भी यह तय मानकों से काफी अधिक है। 2010 में पीएम 2.5 का औसत 111 रहा था, जो 2018 में 101 रहा है, जबकि 2019 में यह नवंबर तक 92 रहा है। वैसे इसे 40 तक होना चाहिए, लेकिन अभी भी यह दोगुना ही है।

सफर की स्टडी में दावा किया गया है कि पूरे साल में दिल्ली को महज 23 प्रतिशत दिन (लगभग 84 दिन) ही सामान्य स्तर की हवा मिलती है। वहीं सिर्फ 51 दिन ही दिल्ली वालों को संतोषजनक स्तर की हवा मिलती है। 38 प्रतिशत दिन बेहद खराब और 1 प्रतिशत दिन गंभीर स्तर की हवा मिलती है। सफर के मुताबिक, अगर सिर्फ सर्दियों के चार महीनों की बात की जाए तो दिल्ली वालों को सिर्फ 4 प्रतिशत दिन ही साफ हवा मिलती है।

## माघ मेले में निकलेगी किन्नर अखाड़े की देवत्व यात्रा, शामिल होंगे जूना के भी संत

**प्रयागराज।** दस जनवरी से शुरू होने जा रहे प्रयागराज के माघ मेले में किन्नर अखाड़ा देवत्व यात्रा के साथ शामिल होगा। इस यात्रा में जूना अखाड़े के संत-महंत भी शामिल हो सकते हैं। किन्नर अखाड़ा, जूना अखाड़े का ही एक हिस्सा है इसलिए जूना के प्रमुख संतों व महंतों को देवत्व यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा जाएगा।

माघ मेले में यह पहला मौका होगा जब कोई अखाड़ा शामिल होगा। अबतक सिर्फ कुंभ और अर्धकुंभ मेलों में ही अखाड़ों के शामिल होने की परंपरा रही है। हालांकि, किन्नर अखाड़े ने न सिर्फ माघ मेले में शामिल होने बल्कि पूरे एक महीने तक मेले में रहकर धार्मिक आयोजन करने का निर्णय लिया है। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी रविवार को प्रयागराज पहुंच रही हैं। वह अखाड़े के अन्य संतों के साथ 5 जनवरी को निकलने वाली देवत्व यात्रा की तैयारियों पर चर्चा करेंगी।

किन्नर अखाड़े ने कुंभ की तर्ज पर ही देवत्व यात्रा निकालने का निर्णय लिया है और इसमें अन्य अखाड़ों को भी आमंत्रित किया जाएगा। विशेषकर जूना अखाड़े के प्रमुख संतों-महंतों को बुलाए जाने की संभावना है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# स्वर्ग सी लोकेशन पर है माधुरी दीक्षित के नाम की झील, एक बार जरूर देखें



**माधुरी दीक्षित के नाम से जानी जाती है यह खूबसूरत झील**

नैचरल ब्यूटी के मामले में अरुणाचल प्रदेश का कोई जोड़ नहीं। वहीं अरुणाचल प्रदेश से तीन घंटे का रास्ता तय करने के बाद आप एक बेहद खूबसूरत लोकेशन पर पहुंच सकते हैं। यह जगह संगेत्सर लेक के नाम से फेमस है। इस जगह को बॉलिवुड ऐक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के नाम पर माधुरी लेक भी कहा जाता है।

**भूकंप से बनी थी झील**

बताया जाता है कि यह झील 1973 में आए भूकंप की वजह से बनी थी। झील के बीच में आपको सूखे पेड़ दिखाई देंगे जो इसकी खास बात है। सर्दियों के दौरान यह झील जम जाती है। इस पर पड़ने वाली सूरज की रोशनी और आसमान का रिफ्लैक्शन काफी खूबसूरत दिखाई देता है।

**तवांग से दूरी**

झील तवांग से करीब 30 किमी की दूरी पर है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 3708 मीटर है। अगर आप यहां जाना चाहते हैं तो तवांग से वाहन किराए पर ले सकते हैं। झील के पास में छोटा सा पार्किंग बेस भी है।

**कैसे पड़ा माधुरी झील नाम**

झील का नाम संगेत्सर झील है लेकिन 90 के दशक में इसका नाम माधुरी लेक पड़ गया। इसके पीछे वजह भी काफी इंट्रेस्टिंग है। दरअसल माधुरी दीक्षित और शाहरुख खान स्टारर फिल्म कोयला की शूटिंग इसी लेक साइट पर हुई थी। फिल्म के गाने 'तन्हाई' के साथ यह झील भी काफी फेमस हुई।

**आसपास है खूबसूरत लोकेशन**

झील का नाम माधुरी के नाम पर पड़ने के बाद बॉलिवुड लवर्स खासतौर पर यहां आने लगे। यहां की खूबसूरती आप कभी भूल नहीं पाएंगे।

**कैसे पहुंचें**

झील तक जाने का रास्ता इतना आसान भी नहीं है। लेक तक जाने के लिए आपको डिस्ट्रिक्ट कमिशनर के ऑफिस से स्पेशल परमिट लेना होगा। तवांग से यहां पहुंचने में आपको ढाई से तीन घंटे का वक्त लगेगा।

**खास टिप्स**

माधुरी लेक जाते वक्त पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी लेकर जाएं। जर्नी की शुरूआत सुबह 7.30 या 8.00 बजे करें।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
खानपान नियंत्रित व संतुलित रखें। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह**
बैसा आने से पहले ही जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**धनु**
क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें। मित्रों पर आंख बंद कर विश्वास न करें। भूमि, भवन के कार्यों के सिलसिले में यात्रा हो सकती है।

**वृष**
जरुरी न हो तो यात्रा व निवेश न करें। मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी। साथी व सहयोगी पूर्ण मदद करेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता।

**कन्या**
वरिष्ठजनों का साथ हितकारी रहेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क हो सकता है। कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

**मकर**
बुद्धि व विवेक से महत्वपूर्ण मसले सुलझाएंगे। कार्य के प्रति आपका दृष्टिकोण रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ रुझान बढ़ेगा।

**मिथुन**
आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रह सकती है। आर्थिक पक्ष बेहतर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
रुके अधूरे कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। कामकाज में ईमानदारी पसंद करेंगे। समाज के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**कुंभ**
जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। राजकीय कार्यों में सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आमोद प्रमोद में समय व्यतीत करेंगे। निवेश लाभदायक।

**कर्क**
संतान की गतिविधियां चिंता का कारण बन सकती हैं। आय व्यय का संतुलन बनाकर कार्य करें। नकारात्मकता को अपने हावी न होने दें।

**वृश्चिक**
अचानक विपरीत हुई परिस्थितियों से मन दुखी हो सकता है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। पड़ोसियों से कुछ मतभेद हो सकते हैं।

**मीन**
संतान की ओर से उत्साहवर्धक समाचार मिल सकता है। पिता का प्रेम व सहयोग मिलेगा। आध्यात्म व दर्शन के प्रति रुचि बढ़ेगी। यात्रा टालें।

# फीमेल सोलो ट्रैवलर्स के लिए सुरक्षित माने जाते हैं भारत के ये शहर

लड़कियों की सोलो ट्रिप के लिए बेस्ट हैं ये शहर

दोस्तों और परिवार के साथ घूमने की बात अलग है लेकिन सोलो ट्रैवलिंग का अपना मजा है। आजकल अकेले घूमने का ट्रेंड बढ़ता जा रहा है ऐसे में काफी महिलाएं सोलो ट्रैवलिंग की ओर आकर्षित हो रही हैं। हालांकि जब महिलाएं सोलो ट्रिप प्लान करती हैं तो कई सारी बातों का ध्यान रखना पड़ता है। इसमें सबसे बड़ी टेंशन सिक्यॉरिटी की आती है। वैसे तो आप अकेले घूमें या किसी के साथ, हमेशा अलर्ट रहना चाहिए लेकिन यहां भारत के कुछ ऐसे शहर हैं जिन्हें सुरक्षित माना जाता है।

**हम्पी**

कर्नाटक का हम्पी बेहद खूबसूरत जगह है। सोलो विमिन ट्रैवलर्स के लिए यह जगह खासतौर पर काफी अच्छी है। यहां के खूबसूरत लैंडस्केप और आर्किटेक्चर दुनियाभर के ट्रैवलर्स को आकर्षित करते हैं। यहां आप साकलिंग, रॉक क्लाइंबिग, या तुंगभद्रा के किनारे अच्छा वक्त बिता सकते हैं।

**ऋषिकेश**

योग कैपिटल के रूप में फेमस उत्तराखंड का ऋषिकेश दुनियाभर के टूरिस्ट्स को लुभाता है। यह शांत जगह है, आप अडवेंचर लवर हैं, नेचर की गोद में रहना चाहती हैं या स्पिरिचुअल हैं, यह जगह आपको काफी पसंद आएगी।

**जयपुर**

राजस्थान की पिंक सिटी यानी जयपुर अकेले ट्रैवल करने वाली लड़कियों के लिए सुरक्षित माना जाता है। यहां आप जल महल, हवा महल, आमेर का किला, सिटी पैलेस, नाहरगढ़ का किला, जंतर-मंतर, बिरला मंदिर, गल्ताजी, जयगढ़ का किला, गोविंद देवजी मंदिर, गढ़ गणेश मंदिर, जयपुर जू और सांघीजी जैन मंदिर जरूर जाएं।

**जीरो वैली**

अरुणाचल का जीरो वैली महिलाओं के लिए बेहतरीन जगह है। यहां हर साल जीरो म्यूजिक फेस्टिवल होता है जो काफी फेमस है। यहां की नैचरल ब्यूटी आपका दिल जीत लेगी। इसके अलावा आपको आपतानी ट्राइब से मिलने का मौका मिल सकता है। अगर आपको इनके साथ रहने का मौका मिले तो यह लाइफटाइम एक्सपीरिएंस होगा क्योंकि उनका लाइफस्टाइल एकदम अलग है।

**पुडुचेरी**

सोलो विमन ट्रैवलर्स के लिए पुडुचेरी भी काफी अच्छी जगह है। यहां आपको अडवेंचरस स्पोर्ट्स, खूबसूरत लोकेशंस के साथ लजीज खाना भी मिलेगा।

# कटक वनडे में भारत की रोमांचक जीत, सीरीज पर 2-1 से किया कब्जा

**कटक।** कप्तान विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने विषम परिस्थितियों से उबरते हुए तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्ट इंडीज को चार विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली।

वेस्ट इंडीज के खिलाफ भारत ने लगातार 10वीं द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज जीती। वेस्ट इंडीज के 316 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कोहली (85) के अलावा सलामी बल्लेबाजों लोकेश राहुल (77) और रोहित शर्मा (33) के अर्धशतकों से 48.4 ओवर में छह विकेट पर 316 रन बनाकर जीत दर्ज की।

कोहली ने रविंद्र जडेजा (नाबाद 39) के साथ छठे विकेट के लिए 58 रन जोड़े जबकि राहुल और रोहित ने पहले विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने छह गेंद में नाबाद 17 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वेस्ट इंडीज ने निकोलस पूरन (89) और कप्तान कायरोन पोलार्ड (नाबाद 74) के तूफानी अर्धशतक और दोनों के बीच पांचवें विकेट की 16.2 ओवर में 135 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 315 रन बनाए। पूरन ने 64 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के मारे जबकि पोलार्ड ने 51 गेंद का सामना करते हुए सात छक्के




और तीन चौके जड़े। शै होप (42) और रोस्टन चेज (38) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को राहुल और रोहित की सलामी जोड़ी ने एक बार फिर शानदार शुरूआत दिलाई। रोहित ने शेल्डन कोटरेल का पहला ओवर मेडन खेला लेकिन इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में दो चौके मारे। राहुल ने जेसन होल्डर पर चौके से खाता खोला जबकि रोहित ने भी इस तेज गेंदबाज के ओवर में चौका और छक्का जड़ा। राहुल ने कीमो पाल पर चौके के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया और फिर 16वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

कोहली ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और कीमो पाल की गेंद पर एक रन के साथ 51 गेंद में 55वां अर्धशतक पूरा किया। कोटरेल ने केदार जाधव (09) को बोल्ड करके भारत की परेशानी बढ़ाई। भारत को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए 79 रन की दरकार थी। कोहली और जडेजा ने साझेदारी की शुरूआत स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी। कोहली ने इस बीच खैरी पियरे पर दो चौके मारे जबकि जडेजा ने होल्डर पर चौका जड़ा। भारत को अंतिम पांच ओवर में 38 रन की जरूरत थी। कोहली इसके बाद कीमो पाल की गेंद को विकेटों पर खेल गए। उन्होंने 81 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके मारे। शारदुल ने कीमो पाल पर चौके और फिर कोटरेल की लगातार गेंद पर छक्के और चौके के साथ भारत का पलड़ा भारी किया। जडेजा ने कीमो पॉल पर चौका मारा और फिर नो बॉल के साथ भारत ने मैच और सीरीज जीत ली।

## कप्तान कोहली ने जडेजा और शार्दुल को दिया जीता का श्रेय

**नई दिल्ली।** विराट कोहली की 85 रनों की शानदारी पारी की वजह से भारत ने विंडीज को चार विकेट से निर्णायक मैच में हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। कोहली को 81 बॉल में जबर्दस्त 85 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। कोहली ने जीत का श्रेय शार्दुल ठाकुर और रवींद्र जडेजा को दिया। उन्होंने कहा, 'शार्दुल और जड्डू की साझेदारी बहुत अच्छी रही और उन्हें मैच जिताते देखकर अच्छा लगा।' उन्होंने कहा कि टीम कउउ टूर्नमेंट जीतना डिजर्व करती है।

कोहली ने कहा, 'अगर छोटी साझेदारी भी अच्छी होती हैं तो सामने वाला घबरा जाता है। जब मैं आउट हो गया तो शार्दुल निराश हुआ लेकिन जडेडा को देखकर उसमें कॉन्फिडेंस आ गया।' विराट ने कहा कि विश्व कप के उन 30 मिनट को छोड़ दिया जाए तो पूरा साल बहुत अच्छा रहा। बता दें कि रोहित शर्मा ने भी कहा था कि पूरा साल बहुत अच्छा रहा लेकिन वर्ल्ड कप के हाथ से निकल जाने का मलाल है।

कोहली ने कहा, 'हमारे पास फास्ट बोलर्स हैं जो कि अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा स्पिनर भी अपना काम कर जाते हैं। बाहर जाकर सीरीज जीतने का बड़ा श्रेय तेज गेंदबाजों को जाता है। हम उन लोगों की पहचान कर रहे हैं जो अच्छा कर सकते हैं और यह जारी रहेगा।'

बता दें कि कटक में खेले गए निर्णायक



मैच में वेल्ट इंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 315 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 81 बॉल पर 85 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद जीत की उम्मीदें धूमिल हो रही थीं लेकिन तभी जडेजा और शार्दुल ने मोर्चा संभाल लिया और मैच का रुख शानदार जीत की ओर मोड़ दिया।

## फुटबॉल / सेबेस्टीनो ने 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, इंटर मिलान के लिए गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** फुटबॉल क्लब इंटर मिलान ने शनिवार को सीरी ए टूनार्मेंट के एक मुकाबले में जेनोआ को 4-0 से हराया। इस दौरान मिलान के सेबेस्टीनो एस्पोसिटो ने 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे अपने क्लब के लिए गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इस दौरान सेबेस्टीनो की उम्र 17 साल 172 दिन थी। इनसे पहले 1958 में मारियो कार्सो ने 17 साल की उम्र में गोल किया था।

मैच में मिलान की ओर से रोमेलू लुकाकू ने दो गोल 31वें और 71वें मिनट में किए। एक गोल रॉबर्टो गागलियर्डिनी ने 32वें मिनट में किया, जबकि युवा खिलाड़ी सेबेस्टीनो ने 64वें मिनट में पेनाल्टी से गोल किया। मिलान इस जीत



के बदौलत 42 अंक के साथ तालिका में जुवेंट्स के साथ शीर्ष पर काबिज हो गया।

## पाकिस्तान ने 13 साल बाद घर में जीती टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने एक दशक से भी ज्यादा समय के बाद अपने घर में कोई टेस्ट मैच जीता है। दरअसल, आतंकवादी हमले के बाद दुनिया के इस हिस्से में कोई भी देश दौरा करने से कतराता था, लेकिन अब श्रीलंका के खिलाफ अपने बल्लेबाजों के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद नसीम शाह (5/31) की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से पाकिस्तान ने 476 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को 212 रन पर समेट दिया। खेल के चौथे दिन श्रीलंका को जीत के लिए 264 रन की दरकार थी जबकि उसके तीन विकेट शेष थे। मगर पांचवें दिन के तीसरे ही ओवर में पाक गेंदबाजों ने श्रीलंका का बोरिया बिस्तर बांध दिया। शतकवीर और सीरीज में दो सेंचुरी ठोकने वाले आबिद अली को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। याद हो कि रावलपिंडी में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटा था। इस ऐतिहासिक जीत के साथ पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। चार मैच में 1 जीत, 1 हार और दो ड्रॉ और 80 अंक के साथ पाकिस्तान तीसरे क्रम पर पहुंच चुका है। आठ मैच में पांच जीत, दो हार और 280 पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर है तो भारतीय क्रिकेट टीम की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में बादशाहत बरकरार है। भारत ने अपने सभी सात मैचों में जीत हासिल की और 360 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# कियारा आडवाणी ने अपनी बहन को दी बधाई

**साल** 2019 कियारा आडवाणी के लिए शानदार रहा है। शाहिद कपूर के साथ आई उनकी फिल्म 'कबीर सिंह' इस साल की सबसे बड़ी सुपरहिट फिल्मों में से एक रही है। फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस को भी काफी पसंद किया गया। अब कियारा के लिए एक और खुशखबरी सामने आई है क्योंकि उनकी बहन की शादी तय हो गई है। कियारा ने इंस्टाग्राम पर अपनी बहन इसकी बधाई भी दी है। उन्होंने लिखा, इससे बेहतर कुछ नहीं होगा कि मैं अपनी बहन को बहुत खुश देखूं और यही वह चीज है जो आप हम सबकी लाइफ में लाए हैं विवान। मैं अपका अपनी फैमिली में स्वागत करती हूं भाई। हमारी फैमिली में नए सदस्य का जुड़ाव। हम आपसे प्यार करते हैं और बेसब्री से आपके साथ मजेदार वक्त गुजारने के लिए उत्साहित हैं और अपनी जिंदगी आपके साथ बिताना चाहते हैं। मैं आप दोनों की जीवनभर की खुशियों की कामना करती हूं। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो कियारा इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'गुड न्यूज' के रिलीज का इंतजार कर रही हैं। फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, करीना कपूर और दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा कियारा ने अनीस बज्मी की फिल्म 'भूल भुलैया 2' भी साइन की है जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन काम कर रहे हैं।

# डेब्यू फिल्म को लेकर यह सोचती हैं अनन्या



**स्टार** किड अनन्या पांडे ने 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से डेब्यू कर बतौर ऐक्ट्रेस इंडस्ट्री में कदम रखा था। इसके बाद आई उनकी दूसरी फिल्म 'पति पत्नी और वो' को पहली मूवी से ज्यादा अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अपने डेब्यू और पहली फिल्म के बारे में अनन्या ने एक इंटरव्यू के दौरान फीलिंग्स शेयर कीं। अनन्या ने कहा कि पहली फिल्म होने के कारण उन्होंने 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' की परफॉर्मेंस को लेकर प्रेशर फील नहीं किया था। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पास्ट में जाने का मौका मिले तब भी वह अपने डेब्यू से जुड़ी कोई चीज नहीं बदलना चाहेंगी। फिल्म को मिले रिस्पॉन्स पर रिऐक्शन देते हुए अनन्या ने कहा कि उनकी मूवी यूथ को लेकर बनाई गई थी और यंग ऑडियंस को यह पसंद भी आई। ऐक्ट्रेस ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि ऑडियंस उनके कैरेक्टर से कनैक्ट हो सकी और उन्हें उनकी ऐक्टिंग के लिए सराहना मिली इसलिए वह डेब्यू से जुड़ी किसी भी चीज को बदलना नहीं चाहेंगीं। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही ईशान खट्टर के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। इनकी फिल्म का नाम 'खाली पीली' रखा गया है जिसका निर्देशन मकबूल खान कर रहे हैं।

# काजोल ने फ्री में की अजय देवगन की 'तानाजी : द अनसंग वॉरियर'?



अजय देवगन की फिल्म 'तानाजीः द अनसंग वॉरियर' के पोस्टर और ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोग बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। अजय देवगन फिल्म में तानाजी का किरदार निभाएंगे। काजोल तानाजी की पत्नी सावित्रीबाई मालुसरे का किरदार निभाएंगी। काजोल फिल्म में अपने रोल को लेकर काफी खुश हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि काजोल के फैंस भी बहुत खुश हैं क्योंकि उनकी पसंदीदा ऐक्ट्रेस पहली बार पीरियड फिल्म में नजर आएंगी। काजोल ने फिल्म में किरदार मिलने को लेकर बात करते हुए कहा कि अजय मुझे फिल्म में साइन करने के लिए बहुत उत्साहित थे। ऐक्ट्रेस ने बताया कि अजय मेरे पास आए फिल्म में काम करने के लिए कहा। इसके साथ ही फैसला मेरे ऊपर छोड़ दिया। अजय ने मजाक में कहा कि तुम फिल्म साइन करोगी तो उन्हें फीस नहीं देनी पड़ेगी। काजोल को फिल्म में अपना किरदार दिलचस्प लगा और वह इसे करने के लिए तैयार हो गईं। काजोल ने इस फिल्म में अपने रोल के लिए नौवारी साड़ी पहनी और उन्होंने काफी उत्साहित होकर कहा कि वह इस साड़ी को दूसरी बार पहन रही हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार शादी के लिए नौवारी साड़ी पहनी थी और अब फिल्म में पहनेगी।